**Main Attachment -1.5**

परियोजना का नाम :– जनपद नैनीताल के अन्तर्गत विकास खण्ड रामगढ़ मे लक्ष्मीखान – नथुवाखान – प्यूडा–क्वारव मोटर मार्ग के कि0मी0 11 मे नावली नामक स्थान से लोश्ज्ञानी तक सम्पर्क मोटर मार्ग के निर्माण हेतु।

## प्रस्तावित कार्य हेतु वन भूमि के मांग का पूर्ण औचित्य आख्या
## (Note Containing Justification For Locating The Project)

जनपद नैनीताल के लक्ष्मीखान–नथुवाखान–प्यूडा–क्वारव मोटर मार्ग के कि0मी0 11 मे नावली नामक स्थान से लोश्ज्ञानी तक सम्पर्क मोटर मार्ग के निर्माण हेतु (लम्बाई 5.00 कि0मी0) शासनादेश संख्या 2200/111(2)/57(एम0एल0ए0)/2016 टि0सी0 लो0 नि0 अनुभाग–2 दिनांक 22.07.2016 द्वारा प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गयी है। जिसके अनुसार इस मोटर मार्ग का निर्माण कार्य कराया जाना है।

यह मोटर मार्ग लक्ष्मीखान–नथुवाखान–प्यूडा–क्वारव मोटर मार्ग के कि0मी0 11 मे नावली नामक स्थान से प्रारम्भ होकर ग्राम लोश्ज्ञानी तक जाता है, मार्ग का समरेखण 9 मीटर चौडाई मे निम्नानुसार 1040 मीटर लम्बाई मे सिविल सोयम भूमि एवं 3960 मीटर लम्बाई में नाप भूमि से होकर गुजरता हैं। इस समरेंखण के अनुसार 0.936 हेक्टेयर (सिविल सोयम) वन भूमि तथा 3.564 हेक्टेयर नाप भूमि आती है, जिस पर चीड़ प्रजाति के कुल 135 वृक्ष प्रभावित हो रहे है। उक्तानुसार इस मार्ग के निर्माण किये जाने हेतु 0.936 हेक्टेयर का वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव गठित किया गया है।

इस मोटर मार्ग के निर्माण हेतु ग्रामवासियों से विचार–विमर्श कर एवं मार्ग के समरेंखण में पडने वाले पेड़ो की संख्या न्यूनतम रखते हुए तथा भू–वैज्ञानिक के सुझावो के अनुसार इस मार्ग का समरेंखण तैयार किया गया है, जो अधीक्षण अभियन्ता महोदय से स्वीकृत है। इस मार्ग हेतु अन्य कोई वैकल्पिक समरेंखण उपयुक्त नही है। इस मोटर मार्ग के निर्माण हो जाने से ग्राम लोश्ज्ञानी के (जनसंख्या–812) ग्रामवासियों को आवागमन की सुविधा के साथ ही शिक्षा, स्वास्थ, कृषि एवं रोजगार आदि संबंधित सुविधाओं को प्राप्त करने में सुगमता प्राप्त होगी। इस के अतिरिक्त सरकार द्वारा संचालित अन्य योजनाओं का लाभ भी ग्रामवासियों को प्रभावी तरीके से प्राप्त हो सकेगा।

अतः उपरोक्तानुसार मार्ग के समरेखण में प्रभावित होने वाली 0.936 हेक्टेयर वन भूमि का गैरवानिकी कार्य हेतु प्रत्यावर्तन एवं लोक निर्माण विभाग को हस्तान्तरण की स्वीकृति हेतु वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव गठित कर प्रेषित है।

सहायक अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0
नैनीताल।

अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0
नैनीताल।